# पाठ 8 - यह सबसे कठिन समय नहीं

1. *"यह कठिन समय नहीं है?" यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।*
*यह बताने के लिए कवि ने निम्नलिखित तर्क दिए हैं- (i) अभी भी चिड़िया की चोंच में तिनका दबा है।*
*(ii) एक हाथ झड़ती हुई पत्ती को थामने के लिए बैठा है।*
*(iii) अभी भी एक रेलगाड़ी गंतव्य तक जाती है।*
*(iv) कथा का अखिरी हिस्सा बूढ़ी नानी सुना रही है जिसमें अभी भी एक बस अंतरिक्ष के पार की दुनिया से बचे हुए लोगों की खबर लाएगी।*
*(v) अभी भी कोई किसी को कहता है कि जल्दी आ जाओ, सूरज डूबने का समय हो चला है।*

---

2. *चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।*
*सूरज डूबने का समय हो चुका है इसके डूबने से पहले चिड़िया अपने लिए घोंसला बनाना चाहती है। इसलिए चिड़िया अपनी चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में है। वह तिनके से अपने घोंसले को मजबूत करती होगी या उस तिनके से अपने और अपने परिवार के लिए नया घोंसला बनाती होगी।*

---

3. *कविता में कई बार 'अभी भी' का प्रयोग करके बात की गई है। "अभी भी" का प्रयोग करते हुए तीन वाक्य बनाइये और देखिए उसमे लगातार, निरंतर, बिना रुके चलनेवाले किसी कार्य का भाव निकल रहा है या नहीं?*
*1. हमारे विद्यालय में सर अभी भी हैं।*
*2. अभी भी कक्षा आठ को सर हिन्दी के शब्द सिखा रहे हैं।*
*3. हम अभी भी कविता के बारे में लिख रहे हैं*
*तीनों वाक्यों में निरंतरता का भाव निकल रहा है।*

---

4. *"नहीं" और "अभी भी" को एक साथ प्रयोग करके तीन वाक्य लिखिए और देखिए 'नहीं' 'अभी भी' के पीछे कौन-कौन से भाव छिपे हो सकते हैं?*
*(i) नहीं, अभी भी तुम्हारा काम अधूरा है।*

*(ii) नहीं, अभी भी स्कूल की छुट्टियाँ खत्म नहीं हुई है?*
*(iii) नहीं, अभी भी तुमने खाना नहीं खाया है।*
*(iv) इस साल समय पर वर्षा नहीं हुई है, किसान अभी भी बादलों को देख रहा है।*
*अभी भी, निरंतर चलने वाली प्रक्रिया का बोध कराता है तथा नहीं से कार्य के न होने का पता चलता है।*